हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 2 जून 2026


तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री


14 अनुबंधित बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन ...





14 'तेरा ही तेरा निवास' का लोकार्पण जरूरतमंदों ..




## खबर संक्षेप

### 1.56 करोड़ वार्षिक पैकेज पर छात्र का प्लेसमेंट

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि संस्थान के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष (2026 बैच) के छात्र पी कौशिक रेड्डी ने 1.56 करोड़ प्रति वर्ष (सीटीसी) का प्रतिष्ठित प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि छात्र की प्रतिभा, कड़ी मेहनत, तकनीकी दक्षता और संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का प्रमाण है। यह सफलता एनआईटी कुरुक्षेत्र की उस प्रतिष्ठा को और मजबूत करती है, जिसके तहत संस्थान देश और विदेश की अग्रणी कंपनियों के लिए उत्कृष्ट इंजीनियरिंग प्रतिभाएं तैयार कर रहा है।



पी.कौशिक रेड्डी।

### लाखों की हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव घोड़ो पीपली से एक युवक को 260 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत 13 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस ने गांव घोड़ो पीपली के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 260 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव नगला निवासी यूनुस के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब 13 लाख रुपये है।

### मोबाइल छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार



**यमुनानगर।** पुलिस की स्पेशल सेल ने मोबाइल छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। स्पेशल सेल प्रभारी रमन चंदेल ने बताया कि गुप्त सूचना पर टीम ने छछरौली के गनौली गेट के पास संदिग्ध हालत में घूम रहे दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने मोबाइल छीनने की वारदात कबूल कर ली। आरोपियों की पहचान छछरौली निवासी विशाल और गोपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बंद मकान का ताला तोड़कर 40 तोले सोना पांच किलो चांदी व 11 लाख कैश चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

इलाके में एक सनसनीखेज चोरी का मामला सामने आया है। यहां शहजादपुर माजरा के रहने वाले डॉ. विवेक बराड के सूने मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और भारी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परिवार गया था बाहर

पुलिस को दी गई शिकायत में डॉ. विवेक बराड ने बताया कि 30 मई 2026 की रात को वह अपने परिवार के साथ घर से बाहर 'ब्यास' गए हुए थे। मकान सूना था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर के जाल का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने पूरे घर को खंगाला और वहां रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के मुताबिक अगले दिन यानी 31 मई 2026 की रात करीब 9:45 बजे जब वह परिवार सहित घर वापस लौटे, तो उनके होश उड़ गए। घर का जाल उखड़ा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर से लगभग 40 तोले सोने के गहने,करीब 5 किलोग्राम चांदी व 11 लाख रुपये कैश चोरी कर लिया।

पीड़ित ने बताया कि यह सारा सामान और नकदी उन्होंने घर में होने वाली शादी के लिए रखी हुई थी। आस-पास के लोगों से पूछताछ करने पर भी चोरी का कोई सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



शहजादपुर। चोरी के बाद बिखरा सामान।

# अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ा रेत से भरा डंपर, 200 मीटर तक घसीटता चला गया

- एसके रोड पर अलसुबह टला बड़ा हादसा, स्ट्रीट लाइट पोल और डिवाइडर क्षतिग्रस्त
- बड़ा हादसा टला, सड़क पर फैली रेत, यातायात हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

एसके रोड पर सोमवार अलसुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब रेत से भरा एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और पलट गया। हादसे में नगरपालिका का एक स्ट्रीट लाइट पोल भी टूट गया। हालांकि डंपर चालक बाल-बाल बच गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर तेज गति से गुजर रहा था। अचानक चालक का संतुलन बिगड़ने से डंपर डिवाइडर पर चढ़ गया और करीब 200 मीटर तक घसीटता हुआ चला गया। इस दौरान डिवाइडर और नगरपालिका का स्ट्रीट लाइट पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। डंपर पलटने के बाद उसमें भरी रेत पूरी सड़क पर फैल गई, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। सुबह के समय एसके रोड पर वाहनों की आवाजाही कम होने से हादसे के समय कोई अन्य वाहन डंपर की चपेट में नहीं आया। अन्यथा बड़ा जानी नुकसान हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। सड़क से रेत हटाने और यातायात सुचारु करवाने का कार्य शुरू किया गया।



एसके रोड पर पलटा रेत से भरा डंपर।

# जिंदल पेट्रो के गोदाम में भीषण आग, 200 कर्मियों की जान बची

## सात दमकल गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

- पेट्रोलियम व केमिकल सामग्री जलकर खाक, भारी नुकसान
- गोदाम से उठीं ऊंची लपटें, इलाके में फैला काला धुआं
- शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित मंडौर स्थित जिंदल पेट्रो के गोदाम में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। पूरे इलाके में काले धुएं का गुबार छा गया, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। बताया जा रहा है कि गोदाम में पेट्रोलियम उत्पाद, तेल और केमिकल से जुड़ा सामान रखा हुआ था। ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग ने तेजी से पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर से ही नजर आ रही थीं और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की तपिश इतनी ज्यादा थी कि कर्मियों को गोदाम के पास जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास लगातार जारी रहा। एहतियात के तौर पर गोदाम में काम कर रहे करीब 200 कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया। इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है जिससे बड़ी जनहानि टल गई। आग की इस घटना में गोदाम के अंदर रखा लाखों रुपए का सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गोदाम में मौजूद पेट्रोलियम और केमिकल से जुड़े उत्पाद पूरी तरह नष्ट हो गए, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है।



अंबाला। गोदाम से उठती आग की लपटें। फोटो : हरिभूमि

### ज्वलनशील सामान के कारण आग तेजी से फैलती गई

लेकिन शुरुआती जांच में इसे शॉर्ट सर्किट से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है। फायर विभाग के कर्मचारी सतीश कुमार ने बताया कि हमें सुबह करीब साढ़े 9 बजे गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद वह तुरंत अपनी गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। आग की भयावहता को देखते हुए करीब सात फायर ब्रिगेड गाड़ियों को मौके पर लगाया गया। गद्दों और अन्य ज्वलनशील सामान के कारण आग तेजी से फैलती रही, जिससे आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब दो घंटे से अधिक समय तक फायर कर्मी लगातार आग बुझाने में जुटे रहे। डीएसपी जितेश जिंदल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। डीएसपी ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### दो युवक अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने समालखा में पुराना थाना के पास नाकाबंदी के दौरान दो युवकों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान देव और प्रशांत उर्फ टिंकू निवासी चुलकाना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 देसी पिस्टल, 1 देसी पिस्तौल और 15 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस को देखकर दोनों बाइक सवार युवक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन टीम ने उन्हें मौके पर ही काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे करीब 15 दिन पहले यूपी के सहारनपुर से हथियार खरीदकर लाए थे। अदालत में पेशी के बाद आरोपी प्रशांत उर्फ टिंकू को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गयाए जबकि देव को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# नशा तस्कर गिरफ्तार 12.58 ग्राम हेरोइन बरामद

## होली गांव के पास से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12.58 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना मुलाना की पुलिस टीम उप-निरीक्षक हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में होली गांव जाने वाली सड़क पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर एक युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 12.58 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गांव होली निवासी कार्तिक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी है और उसके खिलाफ वर्ष 2024 में लूट के दो मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# फ्रांस भेजने के नाम पर युवक से हड़पे दो लाख रुपये

पासपोर्ट पर फर्जी वीजा मोहर लगाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फ्रांस भेजने के नाम पर गांव नगला खालसा निवासी राजकुमार से करीब सवा दो लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि उनके बेटे पुनीत को विदेश भेजने और वीजा प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर एक व्यक्ति ने उनसे रकम हड़प ली और फर्जी वीजा मोहरें भी लगा दीं।राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा 10वीं के बाद विदेश में नौकरी करना चाहता था। इसी दौरान उनकी मुलाकात भूपिंद्र नामक व्यक्ति से हुई, जिसने फ्रांस भेजने और वीजा लगवाने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने दावा किया कि वह पहले भी कई युवकों को विदेश भिजवा चुका है। भरोसा जताते हुए परिवार ने उसे अलग-अलग किस्तों में करीब सवा दो लाख रुपये दे दिए।आरोप है कि बाद में आरोपी ने पुनीत के पासपोर्ट पर फ्रांस के वीजा की कई मोहरें भी लगा दीं, जिससे परिवार को विश्वास हो गया कि प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। लेकिन दस्तावेजों की जांच कराने पर पता चला कि सभी मोहरें फर्जी हैं।ठगी का खुलासा होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी। थाना छप्पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### कृष्ण बेदी से मिले ईश्वर सिंह पलाका, सफाई कर्मियों की समस्याएं दूर करने की मांग

**रादौर।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के नवनियुक्त चेयरमैन व पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के चंडीगढ़ स्थित निवास पर मिले। नवनियुक्त चेयरमैन मंत्री ने बुके भेंट कर मंत्री कृष्ण बेदी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने मंत्री कृष्ण बेदी को पगड़ी पहनाकर व लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दी। वहीं हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका को मिली जिम्मेदारी हेतु उनका भी अभिनंदन किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ईश्वर सिंह पलाका को चेयरमैन नियुक्त कर उनका मान बढ़ाया है। नवनियुक्त चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका प्रदेश के सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को दूर कर उनकी मांगों को पूरा करवाने का कार्य करें।



रादौर। चंडीगढ़ में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को सम्मानित करते नवनियुक्त चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### माइनिंग ठेकेदार पर फायरिंग मामले में पुलिस की पांच टीमें कर रहीं जांच

**शाहबाद।** शाहबाद में माइनिंग कारोबार से जुड़े ठेकेदार सुनील भाटिया पर हुए जानलेवा हमले के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। गंभीर रूप से घायल सुनील भाटिया का आदेश मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था, लेकिन देर रात उन्हें ढ्ढत्र्क चंडीगढ़ रेफर कर दिया। उधर, पुलिस ने जिलेभर में रात को नाकाबंदी कर संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच की। पुलिस की टीमें हमलावरों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं। हालांकि ठेकेदार पर हमले की वजह साफ नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस इसे माइनिंग कारोबार से जोड़कर जांच कर रही है। थाना शाहाबाद के एसएचओ जगदीश टामक ने बताया कि पुलिस ने सुनील के दोस्त संजीव की शिकायत पर केस दर्ज किया है। सीआईए-1, सीआईए-2, सीआईए-लाडवा, थाना शाहाबाद और सिटी चौकी की पुलिस टीम मामले की जांच और आरोपियों की धरपकड़ के लिए काम कर रही हैं। पुलिस उस पोस्ट की जांच भी कर रही है जो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। दरअसल सुनील भाटिया हुए जानलेवा हमले के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। हिमांशु भाऊ गैंग ने सुनील पर हमले की जिम्मेदारी ली है।

### महिलाओं को सम्मोहित कर गहने ठगने वाले गिरोह का आरोपी धरा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने गांव बबैल में महिला को झांसा देकर सोने-चांदी के गहने ठगने वाले गिरोह के एक आरोपी को सिवाह बस अड्डे के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुरेंद्र निवासी झारखंड, हाल निवासी 13-17 की झुग्गी झोपड़ी के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि 27 और 29 अप्रैल को दो महिलाओं ने बर्तन बेचने और गहने साफ करने का झांसा देकर गांव बबैल निवासी महिला से लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने ठग लिए थे। मामले में थाना 13-17 में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पूछताछ में आरोपी सुरेंद्र ने अपने फरार साथियों हुक्का, नैना और पिंकी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। उसने बताया कि दो महिलाएं घर में जाकर महिला को विश्वास में लेती थीं, जबकि वह और उसका साथी बाहर निगरानी करते थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और ठगे गए गहनों की बरामदगी के प्रयास किए जाएंगे।

## कुवि ललित कला विभाग में डॉ. पवन कुमार की एकल छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

# साइलेंस ऑफ मोमेंट्स में झलके जीवन के मौन और संवेदनशील पल

*प्रकृति, समय और स्मृतियों के क्षण प्रदर्शित*

*मौन अनुभवों को तस्वीरों में किया साकार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रख्यात छायाकार डॉ. पवन कुमार की एकल छायाचित्र प्रदर्शनी साइलेंस ऑफ मोमेंट्स का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में प्रकृति, समय, स्मृति और जीवन के अनकहे एवं मौन क्षणों को कलात्मक दृष्टि से प्रस्तुत किया गया है, जो दर्शकों को गहन संवेदनात्मक अनुभव प्रदान करती है। उद्घाटन अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां केवल कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं होती, बल्कि समाज और परिवेश को अधिक संवेदनशीलता एवं गहराई से समझने की दृष्टि भी प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि ह्यसाइलेंस ऑफ मोमेंट्सह्व समय, स्मृति और अनुभव के उन मौन आयामों को उजागर करती है, जो मनुष्य और उसके परिवेश के बीच एक सार्थक संवाद स्थापित करते हैं। उन्होंने कहा कि कला मनुष्य की संवेदनाओं को समृद्ध करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक सोच का विकास भी करती है। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. कृष्णा रंगा, प्रो. एस. के. चहल, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. जितेंद्र खटकड़,कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, डॉ. यदुवीर सिंह, डॉ. विनोद कुमार, विभाग के अध्यक्ष, डॉ. गुरचरण सिंह, छायाकार डॉ. पवन कुमार, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. आनंद जायसवाल, डॉ. राकेश बानी, डॉ. आर. के. सिंह, सुशील रंगा, शोधार्थी, और छात्र भी उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### छात्र कला के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझ सकेंगे

ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां विद्यार्थियों और युवा कलाकारों के लिए सीखने, समझने और अपनी रचनात्मक दृष्टि को विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर होती हैं। उन्होंने कहा कि कला केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संवेदनशील अवलोकन, धैर्य और निरंतर अभ्यास की प्रक्रिया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थी कला के इन महत्वपूर्ण पहलुओं को निकटता से समझ सकेंगे।

## विदेश में इलाज का क्लेम ठुकराना बीमा कंपनी को पड़ा महंगा

# उपभोक्ता आयोग ने ब्याज सहित भुगतान के दिए आदेश

मुकदमेबाजी खर्च के 22 हजार रुपये देने होंगे

- क्लेम खारिज करने पर कंपनी को लगाई फटकार
- 45 दिन में भुगतान न होने पर बढ़ेगी ब्याज दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश में इलाज के बीमा क्लेम को खारिज करना बीमा कंपनी को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सुनवाई के बाद कंपनी को फटकार लगाते हुए क्लेम राशि ब्याज सहित अदा करने के आदेश दिए हैं।

इसके साथ ही 22 हजार रुपये मुआवजा और मुकदमेबाजी खर्च देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार यमुनानगर निवासी मुकेश कुमार मदान ने वर्ष 2019 में न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी से ओवरसीज मेडिक्लेम पॉलिसी ली थी। बाद में अमेरिका के फ्लोरिडा में तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। इलाज के बाद उन्होंने 40,556.81 अमेरिकी डॉलर का बीमा क्लेम किया, जिसे कंपनी ने अक्टूबर 2020 में यह कहकर खारिज कर दिया कि उन्होंने थैलेसीमिया माइनर और हाइपरटेंशन जैसी पूर्व बीमारियों की जानकारी नहीं दी थी। सुनवाई में आयोग ने पाया कि थैलेसीमिया माइनर गंभीर बीमारी नहीं बल्कि आनुवंशिक स्थिति है और कंपनी यह साबित नहीं कर सकी कि शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी थी। आयोग ने यह भी कहा कि बीमा फॉर्म में आनुवंशिक स्थितियों पर कोई विशेष प्रश्न नहीं था।

आईआरडीआईए नियमों के अनुसार केवल आनुवंशिक विकार के आधार पर दावा खारिज नहीं किया जा सकता। हाइपरटेंशन को भी सामान्य जीवनशैली की समस्या माना गया। हालांकि अस्पताल ने बाद में पूरा बिल माफ कर दिया था, इसलिए आयोग ने केवल 96.96 अमेरिकी डॉलर की प्रतिपूर्ति का आदेश दिया। इसके साथ ही 6,905 रुपये सात प्रतिशत ब्याज सहित तथा 22 हजार रुपये मुआवजा व खर्च देने के निर्देश दिए गए। 45 दिन में भुगतान न होने पर ब्याज दर नौ प्रतिशत होगी।

**खबर संक्षेप**

### ऑनलाइन टास्क के झांसे में आकर 4.11 लाख गंवाएं

**करनाल।** घर बैठे कमाई का लालच देकर साइबर ठगों ने एक युवक से 4 लाख 11 हजार रुपये से अधिक की ठगी कर ली। मामले में साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अनुभव ने पुलिस को बताया कि 19 मई को उसे 'डेली प्रॉफिट मेकर्स' नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप एडमिन की प्रोफाइल पर एक नामी कंपनी का लोगो लगा हुआ था। ग्रुप में दावा किया गया कि कुछ ऑनलाइन टास्क पूरे करने पर प्रति टास्क 200 रुपये मिलेंगे। शुरुआत में डेमो टास्क पूरा करवाकर उसका विश्वास जीता गया और फिर टेलीग्राम के माध्यम से बैंक खाता, आईएफएससी कोड और यूपीआई संबंधी जानकारी मांगी गई।

### पावर हाउस से 98 हजार की बिजली केबल चोरी

**करनाल।** सेक्टर-4 स्थित पावर हाउस से करीब 98 हजार रुपये कीमत की बिजली केबल और अन्य सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। सेक्टर-4 चौकी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के मॉडल टाउन उपमंडल के ईआर दिनेश मेन द्वारा पुलिस को भेजी गई शिकायत में बताया गया कि सेक्टर-4 पावर हाउस परिसर में एलटी एबी केबल का ड्रम रखा हुआ था। निरीक्षण के दौरान ड्रम से लगभग 200 मीटर केबल गायब मिली। इसके अलावा कुछ अन्य सामग्री भी चोरी पाई गई। विभाग ने चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीब 98 हजार रुपये बताई है।

### साले के पैसे लौटाने से बचने के लिए रची कहानी

**करनाल।** साले के रुपये लौटाने से बचने के लिए एक युवक ने लूट की झूठी कहानी गढ़ दी। सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन जांच में लूट का कोई प्रमाण नहीं मिला। सख्ती से पूछताछ करने पर पूरा मामला सामने आ गया। सदर थाना प्रभारी तरसेम कांबोज ने बताया कि जुंडला निवासी पवन वर्तमान में रामनगर में रहता है और कोरियर का काम करता है। उसने अपने साले से रुपये उधार लिए हुए थे, जिन्हें वह कथित रूप से जुए में हार गया। साले के पैसे मांगने पर उसने सहानुभूति हासिल करने के लिए झूठी लूट की कहानी बना दी। पवन ने बताया कि वह 2.90 लाख रुपये लेकर जा रहा था, तभी बांसा गांव के पास बाइक सवार चार बदमाशों ने उसे पकड़कर बांध दिया और नकदी लूटकर फरार हो गए।

## बैठक में सड़क, सफाई, कर व्यवस्था और जनसुविधाओं पर हुई चर्चा

# शहर की समस्याओं के समाधान में नागरिकों की भागीदारी जरूरी: मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। सीजीसी की बैठक में विचार रखते मेयर और पदाधिकारी।

सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी (सीजीसी) की आम सभा की बैठक करनाल क्लब में चेयरमैन प्रो. एसएस बरगोटा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर रेणु बाला गुप्ता ने भाग लिया। इस दौरान शहर के विकास, जनसुविधाओं और नागरिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया। सीजीसी की ओर से मेयर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में उपभोक्ता संरक्षण, शिक्षा सुधार, बिजली एवं दूरभाष सेवाएं, कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, नगर स्वच्छता तथा महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। पूर्व चेयरमैन संदीप लाठर ने कहा कि बरसात के मौसम से पहले नालों की सफाई सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा इसके लिए टेंडर प्रक्रिया समय रहते पूरी होनी चाहिए। उन्होंने सड़कों के रखरखाव और मरम्मत कार्यों में तेजी लाने की भी मांग उठाई।

सीजीसी पदाधिकारियों ने प्रॉपर्टी टैक्स और हाउस टैक्स से संबंधित समस्याओं, शहर में बन रहे पुल के कारण आमजन को हो रही असुविधाओं, आवारा कुत्तों और बंदरों के बढ़ते आतंक, डेयरी शिफ्टिंग तथा ई-शौचालय जैसी योजनाओं पर भी चर्चा की। सदस्यों ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता है।

मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निगम नागरिकों की जरूरतों और सुझावों को ध्यान में रखकर विकास कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान के लिए ऑनलाइन व्यवस्था लागू की गई है तथा 30 जून तक एकमुश्त बकाया जमा कराने पर ब्याज माफी की सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न वार्डों में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

मेयर ने नागरिकों से सड़क संबंधी शिकायतों के लिए 'म्हारी सड़क' एप का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर के मध्य बन रहा पुल भविष्य में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाएगा।

### ये रहे मौजूद

बैठक के दौरान पायल अरोड़ा, गुरुदत्त शर्मा, पवन कंसल, स्वाति और रेखा शर्मा को सीजीसी के नए सदस्यों के रूप में शामिल किया गया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन ओपी सचदेवा, केके शर्मा, निरूपमा सदर, केएल विरमानी, संरक्षक प्रमोद गुप्ता, पूर्व चेयरमैन महेंद्र कादियान, एपीएस चोपड़ा, संदीप लाठर, एसएम कुमार, लाजपत राय चुचरा, सलाहकार संतोष बक्शी, विजय सेतिया, गुरमीत सिंह, बी.बी. पाहवा, नरेंद्र सुखन, पारस अरोड़ा, डॉ. एसके गोयल, आरके गौड़, ज्ञान अरोड़ा, कुंदनलाल, देवेंद्र सचदेवा, विपिन शर्मा, परमिंद्र पाल सिंह, वीर विक्रम, सुरेश बहेती, डॉ. सरिता ठाकुर, प्रतिभा बंसल और रजनीश चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिये समाधान के निर्देश



इंद्री। इंद्री मे हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनी और फोन के माध्यम से अधिकारियों को इन समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक ने कहा कि हर सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में हलके के लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर आते हैं। उनका यही प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो,जिससे उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि जिस गांव में कोई समस्या हो, उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक गांव में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है।

### जनसुनवाई कार्यक्रम में ये आई समस्याएं

जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान मदन लाल ने करनाल से इंद्री तक लोकल बस की सुविधा बारे, मदन सिंह सोढ़ी ने परिवार पहचान पत्र में इनकम सम्बन्धी त्रुटि ठीक करवाने बारे, शंटी कुमार ने बिजली बिल की समस्या बारे, सजय, रामनाथ व विनोद ने पेंशन बारे, ओमप्रकाश ने परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करवाने बारे सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान बारे विधायक से अनुरोध किया। विधायक ने सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

# तनाव प्रबंधन संगोष्ठी में शिक्षकों को मिले मंत्र

## सीबीएसई की संगोष्ठी में मानसिक स्वास्थ्य और कार्यक्षमता बढ़ाने पर दिया गया जोर



करनाल। तनाव प्रबंधन संगोष्ठी में भाग लेते शिक्षक एवं संबोधित करते संसाधन व्यक्ति।

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए तनाव प्रबंधन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें कार्यस्थल पर उत्पन्न होने वाले तनाव का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए जागरूक करना था। संगोष्ठी में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। संसाधन व्यक्ति सतबीर सिंह और पूजा जेटली ने व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन में तनाव के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, माइंडफुलनेस, विश्राम तकनीकों तथा स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय बताए। संगोष्ठी के दौरान आयोजित संवादात्मक गतिविधियों और समूह चर्चाओं ने शिक्षकों को तनाव प्रबंधन की उपयोगी तकनीकों से अवगत कराया। वक्ताओं ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ शिक्षक ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में संसाधन व्यक्तियों और विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया गया।

### रील प्रतियोगिता में प्रिंस ने बढ़ाया करनाल का मान



करनाल। राष्ट्रीय ऑनलाइन रील प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र

**करनाल।** पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट-1 एवं यूनिट-2 द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन रील निर्माण प्रतियोगिता में देशभर के विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी के मार्गदर्शन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. राजेश रंगा और डॉ. करमजीत कौर के नेतृत्व में किया गया। कौशल आधारित उद्यमिता' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और नवाचार से जुड़े संदेशों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

## जनसेवा ही मेरी प्राथमिकता, हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : जगमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। सेक्टर-13 स्थित कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक जगमोहन आनंद।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। लोगों से सीधा संवाद जनसेवा का प्रभावी माध्यम है और इसी भावना के साथ वे लगातार क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में सहभागी बनकर कार्य कर रहे हैं। सोमवार को सेक्टर-13 स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विधायक ने करनाल के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान करना उनका दायित्व और कर्तव्य दोनों है। जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। विधायक ने नागरिकों से सरकार की योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

## नवनियुक्त चेयरमैन वेदपाल का क्षत्रिय समाज ने किया सम्मान



**करनाल।** हरियाणा सरकार द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल को 'हरियाणा एग्रीकल्चर एवं मार्केटिंग बोर्ड' का नया चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में भारी उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में, क्षत्रिय राजा रोड समाज संस्था की ओर से नवनियुक्त चेयरमैन एडवोकेट वेदपाल को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी गई। संस्था के पदाधिकारियों ने एडवोकेट वेदपाल को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार अभिनंदन किया तथा उनके सफल व उज्जवल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर संस्था सदस्यों ने कहा कि एडवोकेट वेदपाल को मिला यह दायित्व उनके लंबे सामाजिक, सांगठनिक एवं जनसेवी कार्यों का ही परिणाम है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर लाठर ने कहा कि एडवोकेट वेदपाल हमेशा समाजहित और जनकल्याण के कार्यों से जुड़े रहे हैं। उन्हें इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने से निश्चित रूप से क्षेत्र के लोगों और कृषि जगत को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक योग्य और कर्मठ व्यक्तित्व को यह जिम्मेदारी देना संगठन की सकारात्मक व दूरदर्शी सोच को दर्शाता है।

## आईपी यूनिवर्सिटी में 11वां स्थान हासिल करने पर कशिश प्रजापति सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। आईपी यूनिवर्सिटी में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कशिश प्रजापति को सम्मानित करते समाज के प्रतिनिधि।

करनाल की प्रतिभावान छात्रा कशिश प्रजापति को आईपी यूनिवर्सिटी की कला संकाय परीक्षा में 11वां स्थान प्राप्त करने पर प्रजापति समाज ने सम्मानित किया। समाज के गणमान्य लोग उनके निवास पर पहुंचे और उन्हें पुष्पगुच्छ व हार पहनाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ धर्मवीर आर्य ने कहा कि कशिश ने अपनी मेहनत और लगन से समाज का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास जताया कि कशिश भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल करेंगी। कशिश प्रजापति ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और शिक्षकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार के प्रोत्साहन और बुजुर्गों के आशीर्वाद से वह आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगी। इस दौरान उन्हें प्रजापति समाज की ओर से तैयार दूरभाष निर्देशिका भी भेंट की गई। कार्यक्रम में पदम प्रजापति, एनडीआरआई के चीफ टेक्निकल ऑफिसर सुनील कुमार, भाजपा नेता सचिन प्रजापति, रिटायर्ड प्रिंसिपल हुक्म चंद, हारट्रॉन मतलौडा-पानीपत सेंटर के संचालक विनोद कुमार, वेद प्रकाश आर्य, श्रवण कुमार, कृष्ण कुमार और सुरेंद्र कुमार चावला उपस्थित रहे।

# इनेलो का प्रदर्शन: ईंधन की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



बढ़ते पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। करनाल शहर में एकत्रित होकर इनेलो कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और जमकर निशाना साधा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम आदमी बेहद परेशान है और अब हालात ऐसे हो गए हैं कि रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष सुरजीत पहलवान और अन्य नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। डीजल, पेट्रोल और सीएनजी के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। ईंधन महंगा होने से अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम भी बढ़ रहे हैं, जिससे महंगाई आम आदमी की कमर तोड़ रही है। नेताओं ने तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि यह सरकार गरीबों की नहीं, बल्कि पूंजीपतियों की सरकार है। आम आदमी का खून चूसने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से 'गूंगी और बहरी' बन चुकी है, जो जनता की समस्याएं सुनने को तैयार नहीं है।



करनाल। सूर्य मंदिर में आयोजित हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित करते श्रद्धालु।

## सूर्य मंदिर में हवन यज्ञ से गूंजे वैदिक मंत्र

**करनाल।** पश्चिमी यमुना नहर के किनारे स्थित सूर्य मंदिर में विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण तथा परिवारों की सुख-समृद्धि की कामना के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। मुख्य यजमान के रूप में राम नरेश परिवार सहित उपस्थित रहे। हवन यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं ने मंदिर की परिक्रमा कर सूर्य देव के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। छठ पर्व सेवा समिति मंडल के प्रधान सुरेश कुमार यादव ने कहा कि हवन यज्ञ से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने बताया कि सूर्य मंदिर में समय-समय पर धार्मिक आयोजनों के साथ हर रविवार को सर्वमनोकामना सिद्धि यज्ञ भी आयोजित किया जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उमेश चौहान, अर्जुन पंडित, रोहित कुमार, सिकंदर, नागेंद्र, राम दयाल यादव, रामविलास यादव, शत्रोघन राय, सागर, मुंशी राय सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट के आदेश से उत्साहित गेस्ट टीचरों ने विधायक का जताया आभार

- नियमितीकरण की उम्मीद जगी प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। विधायक का आभार व्यक्त करते अतिथि अध्यापकों का प्रतिनिधिमंडल।

हाईकोर्ट द्वारा अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण को लेकर दिए गए आदेश के बाद जिले के गेस्ट टीचरों में खुशी की लहर है। इसी क्रम में अतिथि अध्यापकों का प्रतिनिधिमंडल विधायक जगमोहन आनंद के निवास पर पहुंचा और उनका आभार व्यक्त किया। अतिथि अध्यापक संघ के पूर्व प्रधान नरिंद्र सिंह संधू ने कहा कि गेस्ट टीचर पिछले दो दशकों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005-06 में नियुक्त अतिथि अध्यापकों ने बेहद कम वेतन में स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था को संभाला और लगातार अपने अधिकारों के लिए कानूनी लड़ाई भी लड़ी। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तरों पर चले लंबे संघर्ष और न्यायालयों में हुई पैरवी के बाद अब नियमितीकरण की उम्मीद मजबूत हुई है। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा समय-समय पर दिए गए सहयोग का भी उल्लेख किया। विधायक जगमोहन आनंद ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह सरकार के समक्ष अतिथि अध्यापकों का पक्ष मजबूती से रखेंगे और न्यायालय के आदेशों के अनुरूप समाधान के लिए प्रयास करेंगे।

# कार्यकर्ताओं की एकजुटता से मजबूत होगा कांग्रेस संगठन

- सदर बाजार में स्वागत एवं जलपान समारोह के दौरान संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सदर बाजार में आयोजित स्वागत एवं जलपान समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, जनसंपर्क और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष पराग गाबा ने की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं और आवाज को उठाते हैं। संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा, सक्रियता और आपसी एकजुटता पर निर्भर करती है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस हमेशा आम लोगों के अधिकारों और जनहित के मुद्दों के लिए संघर्ष करती रही है। कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया।

## खराब नोट को लेकर पेट्रोल पंप पर बवाल

**करनाल।** कुंजपुरा रोड स्थित गुरु नानक पेट्रोल पंप पर खराब नोट बदलने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रविवार रात पेट्रोल पंप कर्मियों और कुछ युवकों के बीच हुए झगड़े में दो कर्मचारी घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पेट्रोल पंप कर्मचारी सुखबीर सिंह के अनुसार देर रात दो युवक बाइक पर पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे। भुगतान के दौरान दिए गए नोटों में एक नोट खराब निकला। कर्मचारियों ने नोट बदलने का आग्रह किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि युवक वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद 8 से 10 अन्य युवकों को साथ लेकर लौटे और आते ही कर्मचारियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

## मीरी-पीरी दिवस को समर्पित प्रतियोगिताओं की तैयारियां तेज, करनाल में लगा प्रशिक्षण शिविर

# गतका रेफरियों को दिए नियम-कायदों के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से जुलाई माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय गतका (सिख शस्त्र विद्या) मुकाबलों की तैयारियों को लेकर सोमवार को डेरा कार सेवा, कलंदरी गेट में रेफरी ट्रेनिंग कैंप लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक और अभिभावक पहुंचे, जिन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के नियमों, रेफरी की जिम्मेदारियों और मुकाबलों के संचालन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।



करनाल। डेरा कार सेवा में आयोजित रेफरी ट्रेनिंग कैंप में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को संबोधित करते फेडरेशन पदाधिकारी।

### गतका खिलाड़ियों को मिला प्रशिक्षण

फेडरेशन के प्रधान गुरतेज सिंह खालसा ने बताया कि सिख धर्म के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने मीरी और पीरी के सिद्धांत के माध्यम से भक्ति और शक्ति का संदेश दिया था। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गतका विद्या सिखों को आध्यात्मिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि मीरी-पीरी दिवस को समर्पित राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिताएं जुलाई में आयोजित की जाएंगी, जिनके लिए विभिन्न राज्यों में ऑडिशन भी होंगे। चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की मुख्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय ऑडिशन और राष्ट्रीय मुकाबलों में निष्पक्ष निर्णय सुनिश्चित करने के लिए रेफरियों और उस्तादों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में करनाल में आयोजित शिविर में प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के सभी नियमों और तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर भाई गुरतेज सिंह खालसा, भाई गुरप्रीत सिंह खालसा, जत्थेदार सतपाल सिंह बागी, इंदरपाल सिंह अंबाला, प्रगट सिंह जफरवाल, सतजिंदर सिंह टिम्पा, इकबाल सिंह, विक्रमजीत सिंह, अमरजीत सिंह, प्रभजोत सिंह, जत्थेदार हरप्रीत सिंह तथा चरणजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई बापौली में प्रवेश प्रारंभ

**बापौली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बापौली में सत्र 2026.27 के लिए एक वर्षीय एवं द्विवर्षीय व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। संस्थान में कुल 152 सीटों पर प्रवेश उपलब्ध हैं। संस्थान के मुखिया संदीप खर्ब ने बताया कि युवाओं को तकनीकी शिक्षा एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कुलदीप राणा बने पानीपत ब्लॉक समिति के अध्यक्ष

**पानीपत।** पानीपत ब्लॉक समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ। वहीं चुनाव में बैठक में सर्वसम्मति से कुलदीप राणा को ब्लॉक के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया। कुलदीप राणा ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष दीपक राणा के भाई हैं और दीपक राणा का हृदय घात के कारण निधन हो गया था। इसके चलते यह सीट खाली हो गई थी। कुलदीप राणा जहां ब्लॉक समिति के सदस्य के रूप में भी सर्वसम्मति से चुने गए। वहीं आज कुलदीप पानीपत ब्लॉक के नए अध्यक्ष बने। नवनियुक्त अध्यक्ष को सभी ने बधाई दी।

### दो दिवसीय सीएमई में देशभर से 250 यूरोलॉजिस्ट ने भाग लिया

# वर्कशॉप में जटिल यूरोलॉजिकल पुनर्निर्माण सर्जरी का सीधा प्रसारण

एचयूए की टीम ने जिस तरह लाइव सर्जरी और एकेडमिक सेशन को जोड़ा वह दर्शनीय रहा



पानीपत। रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी पर आयोजित वर्कशाप में भाग लेते चिकित्सक। फोटो : हरिभमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

यूरोलॉजिकल एसोसिएशन एचयूए द्वारा नॉर्थ जोन यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया एनजेयूएसआई के तत्वावधान में दो दिवसीय मिड.टर्म कॉन्फ्रेंस सह सीएमई यूरो क्राफ्ट 2026 का आयोजन किया गया। वहीं सम्मेलन का मुख्य विषय रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी रहा। सम्मेलन की मुख्य विशेषता द किडनी हॉस्पिटल, पानीपत से लाइव सर्जिकल वर्कशॉप का सीधा प्रसारण रहा। वर्कशॉप में जटिल यूरोलॉजिकल पुनर्निर्माण सर्जरी का प्रदर्शन किया गया। वर्कशॉप में देशभर से 250 से अधिक यूरोलॉजिस्ट, फैकल्टी एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इधर वर्कशॉप की अध्यक्षता कर रहे डा.रोहित काठपलिया ने कहा कि यूरो क्राफ्ट, उत्तर भारत में रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है। वहीं एचयूए की टीम ने जिस तरह लाइव सर्जरी और एकेडमिक सेशन को जोड़ा है, वह युवा सर्जनों के कौशल विकास में मील का पत्थर साबित होगा। हमारा लक्ष्य मरीजों को विश्वस्तरीय उपचार देना है। जबकि वर्कशॉप के आयोजन सचिव एवं एचयूए के अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र कादयान ने कहा कि हरियाणा के लिए यह गर्व का विषय है कि हम एनजेडयूएसआई की मिड.टर्म कॉन्फ्रेंस की मेजबानी कर रहे हैं। द किडनी हॉस्पिटल पानीपत से लाइव वर्कशॉप के माध्यम से हमारा प्रयास है कि युवा सर्जन नवीनतम तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से सीखें। यह सम्मेलन हरियाणा को उन्नत यूरोलॉजिकल सर्जरी के राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करेगा। वहीं डा.भूपेंद्र ने सभी फैकल्टी और प्रतिनिधियों का आभार भी जताया। दूसरी ओर डा. बंधन बहल ने कहा कि दो दिवसीय सीएमई में केस बेस्ड डिस्कशन, वीडियो सेशन और हैंड्स ऑन इंटरेक्शन पर विशेष फोकस रखा गया। रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में इस तरह के शैक्षणिक मंच से प्रदेश के मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं एचयूए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करता रहेगा। इधर सम्मेलन में यूरेथ्रल स्ट्रिक्चर, हाइपोस्पेडियस, फिस्टुला रिपेयर और यूरेटेरिक रिकंस्ट्रक्शन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए।

## न्यूज डायरी



### एसडी स्कूल की पर्णिका ने ताइक्वांडो में जीता रजत

**पानीपत।** सेक्टर 6 स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा पर्णिका पाहवा ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने शहर, विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा का परिचय देते हुए पर्णिका पाहवा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी को प्रसन्नता से भर दिया। छात्रा की इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमेन पवन गर्ग और प्राचार्या रुचि शर्मा ने बधाई देते हुए आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी।



### आर्य स्कूल में पांच दिवसीय आर्यवीर दल शिविर शुरू

**पानीपत।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज 5 दिवसीय सार्वदेशिक आर्यवीर दल शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रधान भारत भूषण द्वारा ध्वजारोहण के द्वारा की गई। मुख्य वक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिविर में पहुंचने पर मुख्य अतिथियों का पुष्प देकर अभिनन्दन किया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश आर्य मंडलपति, सौरभ आर्य उपमण्डलपति, अशोक वर्मा उपमण्डलपति, सुनील बत्रा मंत्री और वरुण खुराना कोषाध्यक्ष, तीर्थराम मुटनेजा, मनोहरलाल आहूजा का शिविर में पहुंचने पर प्रधान भारत भूषण ने अभिनंदन किया। प्रधान भारत भूषण ने आर्य वीरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए वैदिक परंपरा का अनुपालन करने और आर्य विचारधारा को अपने जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित किया। आचार्य राज कुमार शर्मा मुख्य शिविर अध्यक्ष ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों का शारीरिक नैतिक और मानसिक विकास करना है। घनघस, प्रमोद चोपड़ा, सुरजीत पीटीई, दीपक ढांडा और प्रवीण वर्मा मौजूद रहे।



### संयुक्त व्यापार मंडल समिति ने सौंपा ज्ञापन

**पानीपत।** आज संयुक्त व्यापार मंडल समिति के पदाधिकारियों ने विधायक प्रमोद विज से मुलाकात कर पालिका बाजार के दुकानदारों को मालिकाना हक दिलाने, जीटी रोड पुल के नीचे स्थित पार्किंग को यथावत रखने तथा लाल बत्ती चौक स्थित संविधान चौक के गौरव की रक्षा करने संबंधी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक प्रमोद विज ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से करवाई जाएगी तथा व्यापारियों की सभी जायज मांगों को पूरा करवाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर संयुक्त व्यापार मंडल समिति के प्रधान विशाल वर्मा, पूर्व प्रधान कृष्ण अग्रवाल, महासचिव महेंद्र आहुजा, शेर चंद कपूर, कीमत लाल कपूर, अशोक सलूजा, महिंदर जुनेजा, इंद्रजीत कथूरिया, कविराज अरोड़ा, सुरेश बवेजा, सुनील चावला, सागर, सुरेंद्र शर्मा, बॉबी वर्मा व विनोद वर्मा आदि उपस्थित रहे।




### केशव बुक बैंक छठी बार पुस्तकों का वितरण किया

**पानीपत।** केशव बुक बैंक द्वारा इस सत्र में छठी बार जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 12 तक के लगभग 52 बच्चों को नई किताबों के पूर्ण सेट प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी संस्था इसी सत्र में 5 बार लगभग 450 बच्चों को पुस्तकें वितरण कर चुकी है। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्य गर्ल स्कूल की प्रधानाचार्य मीनाक्षी अरोड़ा रही। अध्यक्षता नवीन गोयल ने की। वशिष्ठ अतिथि रणबीर पाल रहे। कार्यक्रम में केशव बुक बैंक के संचालक विजय मनचंदा, टीम के सदस्य दीपक सचदेवा, निपुण, रोहित, हेमंत पाल, सुनील कुमार, मान्या ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। मंच संचालन दीपक सचदेवा ने किया।



### अटल किसान मजदूर कैंटीन का नए भवन में शुभारंभ

**बापौली।** बापौली अनाज मंडी में किसानों और मजदूरों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संचालित अटल किसान.मजदूर कैंटीन का आज नए भवन में शुभारंभ किया गया। मार्केट कमेटी कार्यालय के समीप बने भवन का उद्घाटन मार्केट कमेटी चेयरमैन राजेंद्र रावल ने किया। इस अवसर पर राजेंद्र रावल ने कहा कि सरकार किसानों और मजदूरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कैंटीन में मात्र 10 रुपये में भरपेट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगाए जिससे किसानों और श्रमिकों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नए भवन में बेहतर सुविधाओं के साथ कैंटीन का संचालन किया जाएगा। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी सचिव, आढ़ती एसोसिएशन प्रधान विनोद छौक्कर, प्रीतम रावल, मा. ब्रह्मपाल रावल, दिलीप, रकम सिंह, विकास देशवाल, अनिल चौहान आदि उपस्थित रहे।



### हिन्दवाणा चौपाल निर्माण में गड़बड़ी के आरोप

**पानीपत।** गांव मनाना की हिन्दवाणा चौपाल के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं और देरी को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम अमित कुमार को शिकायत सौंपकर जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 10 माह पहले चौपाल का पुनर्निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन अब तक केवल पिलर ही खड़े किए गए हैं और निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। शिकायत में पंचायत रिकॉर्ड के अनुसार ईंट और सरिया खरीद पर लगभग 6.98 लाख रुपये खर्च दिखाए जाने पर भी सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री के उपयोग और पंचायत निधि के खर्च की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा कथित गड़बड़ी की राशि की रिकवरी की मांग की है। एसडीएम अमित कुमार ने मामले की जांच बीडीपीओ समालखा को सौंपते हुए निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं।


पानीपत। सांझी प्रतियोगिता में भाग लेती महिलाएं ।

### सांझी हमारी संस्कृति और विरासत की पहचान

**पानीपत।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा अपने प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक लोक कला सांझी को पुनर्जीवित करने के लिए विशेष संरक्षण अभियान के तहत तीन दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। करनाल मण्डल स्तर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ पूर्व सरपंच शकुंतला मिटान ने रिबन काटकर किया। पूर्व सरपंच शकुंतला ने बताया कि हरियाणा की लोक कला को न केवल बचाने का प्रयास करना चाहिए । इसे बचाने के लिए विभाग के प्रयासों से हरियाणा के समस्त मण्डलों में तीन-तीन दिन की सांझी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

### शुगर मिल में पक्षियों के लिए रखे कसोरे

**पानीपत।** शुगर मिल डाहर के प्रबंध निदेशक एवं एसडीएम इसराना नवदीप सिंह नैन के मार्ग दर्शन में शुगर मिल के गार्डनिंग कर्मचारियों द्वारा आज शुगर मिल परिसर में गर्मी के मौसम के चलते पांच स्थानों पर पक्षियों के पीने के लिये पानी और दाने की व्यवस्था की गई। गार्डनिंग सुपरवाईजर विजेंद्र सिंह मलिक ने बताया कि इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं जीव.जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सुधीर शर्मा, रामेश्वर, हरिपाल, देवेंद्र लठवाल, जयभगवान,राकेश जैन, अंग्रेज, सविता देवी व प्रेमवती आदि मौजूद रहे।

## उग्राखेड़ी वुमन हैंडबॉल में हिमाचल की मोरसिन हैंडबॉल नर्सरी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। विजेता को पुरस्कार प्रदान करते मुख्यातिथि सुखबीर मलिक।

गांव उग्राखेड़ी में आयोजित तीन दिवसीय उग्राखेड़ी वुमन हैंडबॉल टूर्नामेंट 2026 का समापन हो गया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई कुल 27 टीमों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी सुखबीर सिंह मलिक ने विजेता और उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट की विजेता रही मोरसिन हैंडबॉल नर्सरी हिमाचल प्रदेश की टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 31 हजार की सम्मान राशि दी गई। वहीं कड़े मुकाबले में उपविजेता रही मेजबान उग्राखेड़ी हैंडबॉल टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21 हजार की सम्मान राशि और ट्रॉफी भेंट की गई। मुख्य अतिथि सुखबीर सिंह मलिक ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इतने बड़े टूर्नामेंट का सफल आयोजन पानीपत के लिए गर्व की बात है। वहीं खेल संघ ने मुख्य अतिथि सुखबीर सिंह मलिक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## पुरुषोत्तम मास कथा में उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। कथा के दौरान पूजा करते मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी व श्रद्धालु ।

सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाऊन में पुरुषोत्तम मास कथा के 16वें दिन व्यास पीठ से कथा वाचक पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने कहा एक बार सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा और संहारक भगवान विष्णु के बीच अपनी.अपनी श्रेष्ठता को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। दोनों स्वयं को एक.दूसरे से श्रेष्ठ सिद्ध करने लगे। यह विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति आ गई। देवताओं की चिंता दूर करने और दोनों का भ्रम तोडऩे के लिए भगवान शिव एक विशाल, अनंत अग्नि स्तंभ, प्रकाश स्तंभ के रूप में प्रकट हुए। जिसका न कोई आदि शुरुआत था और न ही अंत। शिव जी ने ब्रह्मा और विष्णु जी से कहा कि जो भी इस स्तंभ के छोर शुरुआत या अंत का पता लगा लेगा, वही श्रेष्ठ माना जाएगा। भगवान विष्णु वराह रूप धारण कर नीचे की ओर गए, लेकिन अंत नहीं ढूंढ पाए और उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली। भगवान विष्णु ने सत्य स्वीकार किया था, इसलिए शिव जी ने उन्हें अपने समान पूज्य होने का वरदान दिया। मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने बताया की मलमास कथा के 16वें दिन इस प्रसंग को सुनने से मनुष्यों के भीतर का मैं अहंकार समाप्त होता है।



### जिनवाणी विद्या भारती स्कूल में संस्कार शिविर जारी

**पानीपत।** जिनवाणी विद्या भारती स्कूल में श्री वर्धमान श्वेतांबर जैन सभा द्वारा आयोजित संस्कार शिविर का आज दूसरा दिन था। आज शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन करने और उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए गांधी मंडी, अग्रवाल मंडी, अंसल जैन सभाओं के प्रधान और अन्य पदाधिकारीगण स्कूल पहुंचे। वहीं विशेष रूप से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा भी पहुंचे। गजेंद्र सलूजा का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। गजेंद्र सलूजा ने कहा कि यह स्कूल पहले जैन हाई स्कूल के नाम से आसपास के क्षेत्र में सुविख्यात था और वह भी इसका छात्र रहे हैं। अग्रवाल मंडी जैन सभा के पूर्व महामंत्री राजेंद्र जैन ने बताया कि शिविर में समय.समय पर बाहर से मोटिवेशनल स्पीकर भी बुलाए जाते हैं। शिविर के संयोजक सुशील जैन ने सभी आगंतुक महानुभावों का हृदय की गहराई से धन्यवाद किया। इस अवसर पर सुरेश जैन संरक्षक, टोनी जैन उपाध्यक्ष, राजेश जैन कोषाध्यक्ष, सीए दिनेश जैन, प्रिंसिपल नीलम गक्खड़, अखिल भारतीय जैन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन आदि रहे।

### अधिकमास में भगवान विष्णु की आराधना करें

**पानीपत।** हिंदू पंचांग के अनुसार अधिकमास पुरुषोत्तम मास 17 मई से शुरू होकर 15 जून तक चल रहा है। इस मास धार्मिक कार्य ज्यादा बढ़ जाते हैं। इसी कर्म में वृंदावन ट्रस्ट के सदस्यों ने खाटू श्याम बाबा चुलकाना धाम में दर्शन किया। महासचिव हरीश बंसल ने बताया कि हिन्दू धर्म में अधिकमास का बहुत महत्व है। इस मास में धार्मिक कार्य जैसे जल प्याऊ सहित अन्य कार्य होते हैं। इसी कर्म में हमारे ट्रस्ट के बहुत से सदस्यों ने चुलकाना में जाकर खाटू श्याम बाबा के दर्शन किए। उन्होंने वहा फलों का प्रसाद भी बांटा। उन्होंने बताया कि पानीपत के लोगों पर खाटू श्याम बाबा की बहुत बड़ी कृपा है।

## इनेलो ने महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इनेलो की जिला पानीपत इकाई ने बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आज जिला स्तरीय रोष प्रदर्शन आयोजित किया। प्रदर्शन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ.साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी भाग लिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुख्य अतिथि एवं प्रभारी के रूप में वरिष्ठ इनेलो नेता धर्मेंद्र ढुल उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी ने की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर महंगाई तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की। धर्मेंद्र ढुल ने कहा कि आज प्रदेश और देश की जनता बढ़ती महंगाई से त्रस्त है। रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। जिससे आम आदमी का जीवन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है और बिना रिश्वत के आम नागरिकों के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। नेताओं ने कहा कि इनेलो हमेशा जनता की आवाज उठाने का काम करती रही है और आगे भी आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान महंगाई और भ्रष्टाचार पर रोक लगाओ, जनविरोधी नीतियां बंद करो और इनेलो जिंदाबाद जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।


पानीपत। लघु सचिवालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते इनेलो नेता।

### बच्चों को संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति प्रेरित करना सराहनीय

# श्री राम धर्मशाला में 10 दिवसीय बाल संस्कार चेतना शिविर

कथा से बाद अतिथियों का पटका व फूल मालाओं से स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ करते हुए प्रियंका चुघ। फोटो : हरिभमि


पानीपत। बाल चेतना शिविर में प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभमि

श्री राम सेवा दल नूरवाला द्वारा श्रीराम धर्मशाला में तृतीय निःशुल्क बाल संस्कार चेतना शिविर अभिनन्दन समारोह का आज शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रियंका चुघ पाइट संस्कृति स्कूल अंसल ने रिबन काटकर किया। वहीं प.आत्म प्रकाश वशिष्ठ ने पूजा अर्चना कराई। प्रियंका चुघ ने कहा कि बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति शिविर के माध्यम से प्रेरित करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। शिविर के चेयरमैन भूषण मदान ने बताया कि श्री राम सेवा दल जो यह दस दिवसीय शिविर लग रहा है। उसमें जहां बच्चों को प्रर्यावरण जागरूकता, मनोरंजक खेल एवं मेंहदी आर्ट एण्ड क्राफ्ट सिखने के भी अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, यूथ विंग के प्रधान बंटी पुनानी व महिला विंग की प्रधान पायल वधवा के अलावा राम स्वरूप चावला, सुंदर लाल वधवा, राकेश आंनद, दीपक वधवा, राजन छौक्करा, काजल आंनद, शालू वधवा, गीतांजली आंनद, हिमानी खुराना, प्रीति वधवा, दामिनी दूमड़ा, शिल्पा नागपाल, बिंदिया, गीतू सचदेवा व डिंपल आंनद आदि मौजूद रहे।

### जनता समाधान शिविर मौके पर सुनी गईं 22 शिकायतें

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने की। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शिविर में एसडीएम मनदीप कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.किरण, नगराधीश टीनू पोसवाल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, डिप्टी सीएमओ डॉ.अमित पोरिया, कृषि विभाग के एसडीओ राजेश भारद्वाज, निर्वाचन तहसीलदार सुरेंद्र, डॉ.प्रज्ञा, समाज कल्याण अधिकारी जयपाल हुड्डा, एमिनेंट पर्सन सुरेंद्र जोगी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आईडीबीआई बैंक से एसी के पाइप काट ले गए चोर

**अंबाला।** निकलसन रोड के निकट आईडीबीआई बैंक की बिल्डिंग में लगे एसी चोरों के निशाने पर है। चौथी बार रविवार रात को एक बार फिर चोरी हो गई। शातिर चोर बिल्डिंग के पीछे खाली प्लाट की जगह से आकर एससी के कॉपर के पाइप काट कर ले जाता है। चोर इलाके के सीसीटीवी में कैद हो गया है। देरात को चोर आकर पाइप काटकर ले जाता हुआ दिख रहा है। बिल्डिंग मालिक नीलू ने बताया कि उनकी बिल्डिंग में चल रहे बैंक में लगे एसी के कॉपर के पाइप पहले भी चोरी हो चुके हैं। बावजूद अभी तक चोर का काबू नहीं किया गया। बार-बार चोर उनकी बिल्डिंग को निशाना बना रहा है। हर बार डायल -112 बुलाने के बावजूद चोर को छोड़ दिया जाता है। सीसीटीवी में कैद आरोपी आसपास के कई बैंको के एसी के कॉपर के पाइप चोरी कर चूका है। उन्होंने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग उठाई है। बताया कि सीसीटीवी फुटेज पुलिस के दी गई है। आरोपी कच्चा बाजार का रहने वाला बताया जा रहा है। पिछली बार भी बैंक से चोरी हुए पाइप को ठीक करवाने का खर्चा 80 हजार रुपए आया था।

### एसडीओ ने मांगें मानने का दिया आश्वासन

# अनुबंधित बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन दो दिन के लिए स्थगित

प्रशासन को चेतावनी, तय अवधि में मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और विरोध प्रदर्शन फिर से पूर्ववत शुरू कर दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा


बराड़ा। धरना प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ का चल रहा विरोध प्रदर्शन सोमवार को भी यूएचबीवीएन सब-डिविजन परिसर में जारी रहा। प्रदर्शन में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया और कर्मचारियों की मांगों को लेकर जोरदार आवाज उठाई। प्रदर्शन के बाद यूएचबीवीएन के एसडीओ ने संघ की कार्यकारिणी को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। बैठक के दौरान एसडीओ ने कर्मचारियों की मांगों को उचित बताते हुए उन्हें स्वीकार करने पर सहमति जताई तथा जल्द समाधान का भरोसा दिया। संघ ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कर्मचारियों की मांगों का समाधान कर दिया जाता है तो वह विभाग की इस सकारात्मक पहल का स्वागत करेगा और आभार व्यक्त करेगा। सद्भावना स्वरूप संगठन ने अपना वर्तमान विरोध प्रदर्शन दो दिनों के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है। हालांकि संघ ने स्पष्ट किया कि यदि तय अवधि में मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और विरोध प्रदर्शन फिर से पूर्ववत शुरू कर दिया जाएगा। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धरमवीर सिंह, सुनील राणा तथा मुख्य प्रदेश सलाहकार कंवरपाल सहित प्रदेश अनुशासन समिति के सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ, यूएचबीवीएन सब-डिवीजन बराड़ा के सभी कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संघ नेताओं ने उम्मीद जताई कि विभाग कर्मचारियों की जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान करेगा।

# फ्लैट दिलाने के नाम पर वकील से 88 लाख की ठगी

- पुलिस ने सुषमा डिवेलपर्स के निदेशक समेत चार आरोपियों के खिलाफ किया ठगी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिरकपुर में फ्लैट व पजेशन मिलने तक बैंक लोन का ब्याज खुद भरने का झांसा देकर अंबाला शहर के सेक्टर-1 के रहने वाले एडवोकेट प्रदीप बत्रा से 88 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। परिवादी की शिकायत पर आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद बलदेव नगर थाने में सुषमा डिवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड जिरकपुर के डायरेक्टर बिंदर पाल मित्तल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिकायत में प्रतीक मित्तल, नेहा गुप्ता, सागर गुप्ता, दिनेश का भी नाम है। पुलिस को दी शिकायत में वकील प्रदीप बत्रा ने बताया कि मई-जून 2024 में सुषमा ग्रुप की सेल्स मैनेजर नेहा गुप्ता, प्रॉपर्टी डीलर सागर गुप्ता और दिनेश उनके घर आए। उन्होंने जिरकपुर के सुषमा बेलेजा प्रोजेक्ट में एक प्राइम लोकेशन का कॉर्नर फ्लैट दिखाने के बहाने डील का झांसा दिया। कहा कि कंपनी के प्रमोटर बिंदर पाल मित्तल और प्रतीक मित्तल उनके व्यक्तिगत जानकार हैं। आश्वस्त किया कि जब तक फ्लैट का पजेशन यानी कब्जा नहीं मिल जाता, तब तक बैंक से लिए जाने वाले लोन का प्री-ईएमआई ब्याज खुद सुषमा ग्रुप सीधे बैंक में जमा कराएगा, जिससे उन्हें कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। झांसे में आने के बाद अंबाला शहर के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कोर्ट रोड से लोन कराकर अलग-अलग किश्तों में 88 लाख रुपये सुषमा ग्रुप को दे दिए। इस सौदे को पक्का कराने के एवज में प्रमोटर प्रतीक मित्तल ने तीनों एजेंटों को 15 लाख रुपये का मोटा कैश कमीशन दिया था जिसमें नेहा गुप्ता को 7.5 लाख, सागर गुप्ता को 5 लाख और दिनेश को 2.5 लाख रुपये नकद मिले थे।प्रदीप बत्रा ने बताया कि जुलाई 2024 में बैंक, प्रमोटर और उनके बीच एक समझौता भी हुआ था। शुरुआत में कुछ महीने कंपनी ने ब्याज दिया लेकिन पिछले कई महीनों से सुषमा ग्रुप ने बैंक को प्री-ईएमआई ब्याज देना पूरी तरह बंद कर दिया। मौके पर प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य भी पिछले एक साल से पूरी तरह ठप है। अब बैंक उस पर पूरा ब्याज और किस्त चुकाने का दबाव बना रहा है जिससे उन पर भारी संकट आ गया है।

# योग माह शुरू, 1000 से अधिक साधकों ने किया विश्व योग प्रोटोकॉल का अभ्यास

- मिशन स्वस्थ भारत के तहत जिलेभर में शुरू हुए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल


करनाल। योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करते साधक।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जून माह को योग माह के रूप में मनाते हुए हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग करनाल के संयुक्त तत्वावधान में मिशन स्वस्थ भारत के तहत विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के मार्गदर्शन तथा मुख्य संचालक योग गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में सेक्टर-12 पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया।

कार्यक्रम के दौरान योग साधकों को योग की विभिन्न क्रियाओं, आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। जिला करनाल में संचालित मिशन स्वस्थ भारत की अन्य 20 योग कक्षाओं में भी अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शुरू किया गया, जिसमें 1000 से अधिक साधक-साधिकाओं ने भाग लिया। वहीं ऑनलाइन माध्यम से भी हजारों लोगों ने योगाभ्यास कर कार्यक्रम से जुड़कर स्वास्थ्य का संदेश दिया।

योग सहायक कुसुम और सुषमा ने अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न आसनों और प्राणायाम की विधियों का विस्तार से प्रशिक्षण दिया। कक्षा की शिक्षिकाओं नीलम बटला और निधि गुप्ता के निर्देशन में भी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। दिनेश गुलाटी ने नियमित रूप से योग कक्षा में आने वाले साधकों की सराहना करते हुए उन्हें समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्वभर के लोगों को योग के लाभों से अवगत कराना है। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली का भी आधार है।



## अदालत परिसर में वकीलों ने लगाई मीठे जल की छबील, राहगीरों को भीषण गर्मी में मिली निजात

**करनाल।** भीषण गर्मी के बीच जिला अदालत परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर जनसेवा का संदेश दिया गया। अदालत में आने वाले लोगों ने जल सेवा का लाभ उठाया और इस पहल की सराहना की। छबील की शुरुआत बार एसोसिएशन के प्रधान सुरजीत मंढ़ाण, पूर्व प्रधान संदीप चौधरी, पूर्व प्रधान वीरेंद्र पहल, मुनीष लाठर तथा अन्य पदाधिकारियों ने लोगों को जल पिलाकर की। कार्यक्रम में अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा, अनिल पंवार, सोनू कुमार, मनिंदर सिंह और राकेश कुमार रहेजा का विशेष सहयोग रहा। अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा ने कहा कि वे अपने साथियों के साथ कई वर्षों से गर्मी के मौसम में मीठे पानी की छबील लगाकर सेवा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है और इससे समाज में सेवा व संस्कार की भावना मजबूत होती है। उन्होंने युवाओं को भी ऐसे सामाजिक कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर राजकुमार चौहान, बालकृष्ण शर्मा, विपिन कपूर, बृज शर्मा नीलोखेड़ी, राजेश शर्मा नीलोखेड़ी, सुदर्शन पातलान, कंवर कैलाश चौहान, बृजभूषण शर्मा, राजबीर शर्मा, योगेंद्र मेहला, युद्धवीर चौहान, मंजीत दहा, चंदर प्रकाश, करण सैनी, अर्जुन चौधरी, मोहित अरोड़ा, कनिश शर्मा, अभिषेक, ओम प्रकाश कश्यप, संदीप शर्मा, गौरव राणा, दिनेश शर्मा, हरपाल सिंह, सागर सेन, सनी पंवार, छवी गुप्ता और रेखा कौशिक मौजूद रहे।

# 'तेरा ही तेरा निवास' का लोकार्पण जरूरतमंदों को मिला नया आशियाना

- समाज में प्रेम, भाईचारे व सहयोग की भावना को करता है सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना


मुलाना। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य।

गुरु ग्रंथ साहिब सेवक ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद परिवारों के लिए निर्मित तेरा ही तेरा निवास के छठे घर का लोकार्पण समलेहड़ी गांव में किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप की हजूरी में गुरबाणी कीर्तन एवं अरदास के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बाबा सुरजीत सिंह यूएसए वाले ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि मानवता की निस्वार्थ सेवा ही सच्ची गुरमत सेवा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने हेतु घर उपलब्ध करवाना अत्यंत पुण्य का कार्य है जो समाज में प्रेम, भाईचारे एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर डीएसपी गुरमेल सिंह , पूर्व मंत्री संतोष चौहान सरवान एवं समाजसेवी कृष्ण राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नए घर में रहने वाले परिवार को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब सेवक ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे ट्रस्ट के साथ सहयोगात्मक रूप से जुड़कर जरूरतमंद परिवारों की सहायता एवं समाज कल्याण के कार्यों में अपना योगदान देते रहेंगे।

50 जरूरतमंदों को दिला रहे शिक्षा

ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार प्रीतपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब सेवक ट्रस्ट, हरियाणा सदैव जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों की सहायता के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने बताया कि "तेरा ही तेरा निवास" परियोजना केवल मकान निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता की सेवा, सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भरता का एक सशक्त अभियान है।

## मीडिया संस्थान के छह विद्यार्थियों का हुआ चयन

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी के लिए गौरव का विषय है कि बी.एससी. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी तथा एम.एससी. प्रिंटिंग, ग्राफिक एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के छह विद्यार्थियों का देश की प्रतिष्ठित प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग कंपनियों में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सुनील मजोका, पूजा सैनी, गोविंद राय, साहिल, मयंक और दीपक शामिल हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं।

## फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने हेतु 8000 रुपये प्रति एकड़ मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**शहजादपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा जल संरक्षण तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरा पानी मेरी विरासत योजना को वर्ष 2026-27 में पूरे प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस संबंध में डॉ. अमित वर्मा, विषय विशेषज्ञ (पौधा संरक्षण) ने बताया कि इस योजना के तहत खरीफ सीजन में धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलें उगाने वाले किसानों को 8000 रूपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त जो किसान दलहन, तिलहन एवं कपास की खेती करेंगे, उन्हें 2000 रूपये प्रति एकड़ अतिरिक्त बोनस भी दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत किसान धान की जगह मक्का, कपास, अरहर, मूंग, उड़द, ग्वार, सोयाबीन, तिल, अरंडी, मूंगफली, ज्वार, चारा, प्याज, बागवानी/सब्जियां तथा कृषि वानिकी (सफेदा, पोपलर) जैसी फसलें लगा सकते हैं। इसके अतिरिक्त खेत को खाली छोडन्ने की स्थिति में भी योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत राज्य सरकार ने प्रदेशभर में 1 लाख एकड़ क्षेत्र को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। संबंधित जिलों के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किए गए हैं, जिनमें अंबाला जिले को 5000 एकड़ क्षेत्र में फसल विविधीकरण अपनाने का लक्ष्य दिया गया है । इच्छुक किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। पोर्टल 18 मई 2026 से खुल चुका है। खरीफ फसलों के पंजीकरण की अंतिम तिथि तक खुला रहेगा। पंजीकरण उपरांत कृषि विभाग द्वारा गठित टीम खेत का निरीक्षण एवं फसल सत्यापन करेगी।

# अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्रियों का मामला पहुंचा सीएम विंडो, शिकायत

- खसरा नंबर 134/26 को अवैध/अनधिकृत कॉलोनी के रूप में दर्शाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा


बराड़ा। सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाते सुखविंदर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

क्षेत्र की खसरा नंबर 134/26 स्थित एक कॉलोनी में हुई रजिस्ट्रियों को लेकर मामला मुख्यमंत्री विंडो तक पहुंच गया है। स्थानीय निवासी सुखविंदर सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है। शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत में कहा गया है कि डीटीपी विभाग द्वारा जारी अनधिकृत कॉलोनियों की सूची में खसरा नंबर 134/26 को अवैध/अनधिकृत कॉलोनी के रूप में दर्शाया गया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि उक्त कॉलोनी के संबंध में विभागीय आदेश जारी होने के बावजूद वहां रजिस्ट्रियां किए जाने की जानकारी सामने आई है। शिकायत में कहा गया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि संबंधित कॉलोनी में विभागीय आदेशों के बाद कितनी रजिस्ट्रियां हुईं तथा वे नियमों के अनुरूप थीं या नहीं। इसके अलावा शिकायत में संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग उठाई गई है। शिकायतकर्ता ने भविष्य में अवैध घोषित कॉलोनियों में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री पर रोक लगाने की भी मांग की है। शिकायत के साथ डीटीपी विभाग की अनधिकृत कॉलोनियों संबंधी सूची, संबंधित कॉलोनी का चिन्हित विवरण तथा कुछ रजिस्ट्रियों की प्रतियां भी संलग्न की गई हैं। मामले के सीएम विंडो तक पहुंचने के बाद अब संबंधित विभागों की आगामी कार्रवाई पर लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।

## महेश नगर महिला मंडल व युवा मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित, नेहा को मिली कमान



**अंबाला।** भारतीय जनता पार्टी अंबाला छावनी के महेश नगर मंडल में संगठन को और अधिक मजबूत व गतिशील बनाने के उद्देश्य से एक बड़ा संगठनात्मक विस्तार किया गया है। ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज के परामर्श उपरांत महेश नगर मंडल की महिला मोर्चा और युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी का विधिवत गठन कर दिया गया है। महिला मोर्चा कार्यकारिणी में नेहा पुरी को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके साथ अंजली वर्मा और रीना दुबे को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा अंजली सरपाल, अर्चना शर्मा, सोनाली उप्पल और किरण बाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि अंशुल शर्मा, सुनीता, मालती, पूजा शर्मा, राकेश वर्मा और तरणजीत कौर को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। इस टीम के साथ मोनिका सूदन को महिला मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया गया है तथा मंडल कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में भोली बिंद्रा, रश्मि वर्मा, रेनू चौहान, मीरा, अश्वनी रानी, गायत्री, दर्शना, किरण यादव, राजकुमारी, सरिता और सुषमा को शामिल किया गया है। युवाओं को संगठित करने और जमीनी स्तर पर पार्टी की ताकत बढ़ाने के लिए युवा मोर्चा कार्यकारिणी में दिव्यांश वालिया को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। उनके साथ राम रतन और हर्ष दत्त को महामंत्री नियुक्त किया गया है। इसके अलावा साहिल कश्यप, अमित कुमार, मिहिर सरपाल, रजत विश्वकर्मा, बलवंत सिंह विक्की और शुभम मेहरा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सचिव पद की जिम्मेदारी रणजीत, मयंक मल्होत्रा, अंकुश शर्मा, निखिल और अजय को सौंपी गई है।

## मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी युवाओं को मिलेगा वोट बनवाने का मौकाः डीसी

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है ताकि वोटर लिस्ट से शुद्धिकरण का कार्य हो सके। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्य के तहत एक जुलाई 2026 को अर्हता तिथि मानकर जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है वह अपनी वोट बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम के दृष्टिगत 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करेंगे। इस फार्म को मतदाता साईन सहित भरना सुनिश्चित करेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## दो प्रमुख स्थानों पर बस शेल्टर बनाने की मांग

**बराड़ा।** राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट के संस्थापक अमरिंदर सिंह ने हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक से बराड़ा के दो प्रमुख स्थानों पर आधुनिक बस शेल्टर बनवाने की मांग की है। अमरिंदर सिंह ने कहा कि सिविल अस्पताल के समीप तथा महाराणा प्रताप चौक के नजदीक प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग बसों का इंतजार करते हैं। सिविल अस्पताल के पास मरीज, बुजुर्ग, महिलाएं और उनके परिजन आवागमन करते हैं, जबकि महाराणा प्रताप चौक क्षेत्र का प्रमुख यातायात केंद्र है। इसके बावजूद दोनों स्थानों पर यात्रियों के लिए बैठने तथा धूप, बारिश और सर्दी से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। अमरिंदर सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान यात्रियों को खुले आसमान के नीचे बसों का इंतजार करना पड़ता है।


जींद। ब्यूटी पार्लर के शुभारंभ पर प्रसाद वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**जींद।** सेवा भारती नगर इकाई जींद द्वारा पटियाला चौक के संतोष पवन बंसल सेवा भारती कार्यालय में विधिवत रूप से ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। सेवा भारती पहले से ही इसी केंद्र पर फिजियोथैरेपी सेंटर, लाइब्रेरी एवं सिलाई सेंटर चल रही है। नाम मात्र के शुल्क पर स्वास्थ्यए स्वावलंबन एवं सामाजिक प्रकल्प के अनुरूप कार्य किए जाते हैं। आज के इस उद्घाटन समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर जिला अध्यक्ष सुशील गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव बलजिंद्र सिंगला एवं महिला प्रकल्प प्रमुख सोनिया शर्मा तथा डा. प्रियंका एवं प्रकल्प इंचार्ज मंगत राम विशेष तौर पर उपस्थित रहे। प्रैस प्रवक्ता अशोक खर्ब ने बताया कि सेवा भारती द्वारा भिवानी रोड गौशाला में भी एक फिजियोथैरेपी सेंटर व छोटे बच्चों के लिए संस्कारशाला तथा सिलाई केंद्र चलाया जा रहा है।

# एबीवीपी ने ओएसडी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। ओएसडी को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद विवि इकाई ने चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद द्वारा जारी किए गए एक विवादित प्रवेश नियम के विरोध में विवि प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विवि के ओएसडी विजय कुमार को ज्ञापन सौंप कर 25 मई को जारी किए गए प्रोस्पेक्टस में शामिल छात्र विरोधी एवं शिक्षा विरोधी प्रावधान को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। एबीवीपी विवि इकाई अध्यक्ष ने कहा कि विवि प्रशासन द्वारा जारी किए गए नए नियम के अनुसार जो छात्र पहले से ही विवि शिक्षण विभाग में दो स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों में नामांकित हो चुके हैं, चाहे उन्होंने उन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा किया हो या बीच में छोड़ दिया हो, उन्हें भविष्य में किसी भी स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विचार नहीं किया जाएगा। इस नियम को पूरी तरह से अनुचित, भेदभावपूर्ण और छात्रों के शिक्षा के अधिकार पर सीधा हमला बताया। परिषद का कहना है कि उच्च शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है और विश्वविद्यालय प्रशासन किसी भी छात्र को आगे पढ़ाई करने से नहीं रोक सकता। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थी अपनी योग्यता बढ़ाने, नए विषयों का अध्ययन करने तथा रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेते हैं।